www.livehindustan.com

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

4 अक्तूबर 2025, आश्विन शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम सम्वत् 2082, प्रयागराज

नगर संस्करण, वर्ष 16, अंक 243, 22 पेज, मूल्य ₹ 7.00 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण



मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

P-14



## 15-16 नवंबर को होने वाले सम्मेलन में किया जाएगा सम्मानित

# पुरा छात्रसंघ ने सम्मान के लिए चुने आठ 'मोती'

**एमएनएनआईटी**

**प्रयागराज, कार्यालय संवाददाता।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) का पुराछात्र संघ उन पूर्व छात्रों को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित करेगा जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में नाम कमाया है और उच्च मुकाम हासिल किया है। इस क्रम में वर्ष 2025 के लिए पुरस्कारों की घोषणा शुक्रवार को की गई। आठ श्रेणियों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए कुल 85 नामांकन प्राप्त हुए थे। स्क्रीनिंग और पुरस्कार समिति ने इनमें से सात श्रेणियों के लिए आठ 'मोती' (पुरा छात्र) का चयन किया है। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार दुबे ने बताया कि पुरस्कार वितरण वैश्विक पुराछात्र सम्मेलन-2025 के दौरान 15-16 नवंबर को किया जाएगा। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय सेवा/प्रतिष्ठा' श्रेणी में किसी का चयन नहीं हुआ है।

लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 1978 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीई करने वाले वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार कालरा (नई दिल्ली) को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने परमाणु प्रणोदन नियंत्रण प्रणाली और भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके योगदान के लिए उन्हें एवीएसएम और वीएसएम जैसे सैन्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। यंग अचीवर अवार्ड में दो पुराछात्रों को सम्मानित किया जाएगा। अलीगढ़ की सृष्टि सिंह (बीटेक ईसीई, 2019), वर्तमान में असम के धुबरी में एडीएम हैं। उन्होंने नाव आधारित मतदान केंद्र की नवाचारी योजना से चुनाव संचालन में नई मिसाल कायम की। वहीं, पुरुष वर्ग से गाजीपुर के प्रशांत (बीटेक, 2008), जो डेल्हीवरी (ऑपरेशंस) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। वे एक लाख कर्मचारियों की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और 10,000 करोड़ का पीएंडएल प्रबंधन संभाल रहे हैं।



**08** श्रेणी के पुरस्कारों के लिए हुए थे 85 नामांकन, एक श्रेणी में नहीं हुआ

### अमिताभ को व्यावसायिक उत्कृष्टता विशिष्ट मोती

विशिष्ट मोती व्यावसायिक उत्कृष्टता (लोक प्रशासन/सार्वजनिक क्षेत्र) के लिए अमिताभ (बीई मैकेनिकल, 1986), वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के महाप्रबंधक। भारतीय रेलवे में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें प्रधानमंत्री, रेलमंत्री और जीएम अवॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं। विशिष्ट मोती व्यावसायिक उत्कृष्टता (निजी, कॉर्पोरेट एवं उद्योग क्षेत्र) के लिए शरद महेंद्र (बीई मैकेनिकल, 1989), संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड, मुंबई को चयनित किया गया है। उन्हें हाल ही में लंदन में हॉल ऑफ फेम अवार्ड से सम्मानित किया गया। विशिष्ट मोती व्यावसायिक उत्कृष्टता (शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षेत्र) के लिए डॉ. भरत राज सिंह (एमई, 1988), महानिदेशक (तकनीकी), प्रबंधन विज्ञान संकाय, लखनऊ का चयन हुआ। उन्होंने 158 शोधपत्र, 21 पुस्तकें और 2 पेटेंट के जरिए शिक्षा एवं अनुसंधान में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विशिष्ट मोती (मातृसंस्था व समाज सेवा) विजय वधावन (बीई इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, 1996), प्रभागीय निदेशक, पैनासोनिक इंडिया, दिल्ली-एनसीआर शार्ट लिस्ट किए गए हैं। विशिष्ट मोती (उद्यमिता और नवाचार) के लिए कुलदीप त्यागी (बीई प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, 1999), संस्थापक एवं सीईओ, सराका सॉल्यूशंस, गाजियाबाद को चुना गया है। उन्होंने एलओटी, एआई और डीप लर्निंग के क्षेत्र में पांच अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट हासिल किए हैं।